विकार उत्पन्न होने की संभावना निरंतर बढ़ती जा रही है; और

(ग) यदि हां, तो सरकार की इस संबंध में क्या प्रतिक्रिया है?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्रीमती सुषमा स्वराज): (क) जी, हां।

(ख) और (ग) इस विचार की पुष्टि करने हेतु निर्णायक प्रमाण के साथ कोई वैज्ञानिक अध्ययन या शोध उपलब्ध नहीं है। तथापि प्रसार भारती अपने कार्यक्रमों का प्रसारण करने में अपनी कार्यक्रम संहिता के जरिए पर्याप्त सावधानी बरतता है जिससे कि इन कार्यक्रमों का दर्शकों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

दूरदर्शन पर अश्लील विज्ञापन

4556. **श्रीमती सरोज दुबे: क्या सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि दूरदर्शन पर महिलाओं के अश्लील विज्ञापन प्रदर्शित किए जाते हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने दूरदर्शन पर महिलाओं के अश्लील विज्ञापनों के प्रदर्शन पर रोक लगाने के लिए कोई प्रभावी कदम उठाये हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्रीमती सुषमा स्वराज): (क) दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले विज्ञापन "वाणिज्यिक विज्ञापन संहिता" के द्वारा विनियंत्रित होते हैं। यह संहिता अन्य बातों के साथ-साथ यह निर्धारित करती है कि महिलाओं की अपमानजनक छवि का प्रक्षेपण करने वाले किसी भी विज्ञापन को प्रसारित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह पुनः सुनिश्चित करने की कोशिश करती है कि महिला के रूप का चित्रण सुरूचिपूर्ण एवं सौन्दर्यपरक हो तथा सुरूचि एवं शालीनता के स्थापित मानदंडों के अनुरूप हो।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठते।

सैटेलाइट टेलीविजन रिले नेटवर्क

4557. **श्री रामजीलाल: क्या सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश के सभी जिलों और शहरों में सैटेलाइट टेलीविजन रिले नेटवर्क है; और

(ख) यदि नहीं, तो यह देश के सभी जिलों और शहरों में और विशेषकर हरियाणा के सभी जिलों और शहरों में कब तक उपलब्ध हो जाएगा?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्रीमती सुषमा स्वराज): (क) और (ख) जी, हां। दूरदर्शन के उपग्रह चैनल उपयुक्त डिश एंटिना प्रणाली के उपयोग से हरियाणा के सभी जिलों एवं शहरों सहित सम्पूर्ण देश में उपलब्ध हैं।

Losses due to allocation on FM Channels

4558. SHRI SANJAY NIRUPAM: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) the total loss suffered due to allotting of FM channel to private parties without calling for tenders;

(b) whether any action has been taken against persons responsible for encouraging the monopolistic action in these public office; and

(c) if not, whether Government propose to take action and if so, the details of the same?

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRIMATI SUSHMA SWARAJ): (a) AIR had tried to throw open the field of FM broadcasting to new private parties by initiating tenders in 1995, 1996 and 1998. However, this process got scuttled due to legal hurdles created by some of the existing private operators and other parties by filing large number of cases in different Courts and MRTP Commission. Attempts are being made to get the stay orders issued by various Courts on the latest 1998 tenders vacated and thus allot the slots to private parties on the highest bid principle. Since the tender process could not be completed, it is not possible to estimate the loss caused or the revenue that would have accrued.

(b) and (c) Do not arise.